संगति– अब इससे विपरीत निवृत्ति मार्ग की व्याख्या करते हैं ।। श्री ।।

अथोत्तरेण तपसा ब्रह्मचर्येण श्रद्धया विधयाऽऽत्मानमन्विष्यादित्यममिजयन्ते। एतद्वै प्राणानामायतनमेतदमृतमभयमेतत्परायणमेतस्मान्न पुनरावर्तन्त इत्येष निरोधस्तदेष श्लोकः ।।१०।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– इसके विपरीत उत्तरायणरूप देवयान से निवृत्तिवादी लोग प्रयाण करते हैं। वे लोक तपस्या, ब्रह्मचर्य, श्रद्धा तथा ब्रह्मविद्या से अपने हृदयगुफा में विराजमान परमात्मा का अन्वेषण करके आदित्यलोक को जीत लेते हैं और प्रभु को प्राप्त हो जाते हैं। यही लोग प्राणों का आयतन एवं जीवों का परायण तथा अभयदान करके अमृततत्व को प्राप्त करते हैं। इसको प्राप्त करके साधक संसार में नहीं लौटते यहाँ सभी कर्मों का निरोध हो जाता है अर्थात् विश्राम हो जाता है। इसी तथ्य को अगले श्लोक में स्पष्ट करते हैं ।। श्री ।।

संगति– अब दो मन्त्रों के माध्यम से सम्वत्सर के आकार का वर्णन करती हुई श्रुति कहती हैं—

**पञ्चपादं पितरं द्वादशाकृतिं दिव आहुः परे अर्धे पुरीषिणम्।
अथेमे अन्य उ परे विचक्षणं सप्तचक्रे षडर आहुरर्पितमिति ।।११।।**

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– कुछ महर्षिगण कुछ मनीषीगण सारे संसार के पिता संवत्सरात्मक सूर्यनारायण को पांच चरणों वाले एवं बारह शरीर वाले अद्भुत कहते हैं। कुछ लोग सूर्य नारायण को सारे संसार के जीवन दाता एवं 'पुरीषि' अर्थात् पुरुषोत्तममास के नियामक, सात घोड़ों से जुते हुए तथा छः पहियों से युक्त अद्भुत रथ पर आसीन तथा सर्वज्ञ कहते हुए इनकी उपासना करते हैं।। श्री ।।

व्याख्या– कुछ लोगों के मत में शिशिर ऋतु का हेमन्त में अन्तर्भाव हो जाता है, इसलिए हेमन्त वसन्त ग्रीष्म वर्षा और शरद ये पाँच ऋतु ही सूर्य नारायण के चरण हैं। चैत्र, वेशाख, जैष्ठ, अषाढ, श्रावण, भद्रपद, आश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष, पौष, माघ, फाल्गुन ये बारह महीने ही सूर्य नारायण के बारह शरीर हैं। प्राचीन आचार्यो ने यहाँ 'पुरीषि' शब्द का जल अर्थ करके 'पुरीषिणं' का जल देने वाला अर्थ माना है। सूर्य नारायण का जल वर्षाना शास्त्र में प्रसिद्ध भी है। वाल्मीकिरामायणीय आदित्यहृदय-स्तोत्र के बाईसवें श्लोक में 'वर्षत्येष गभस्तिभिः' अर्थात् सूर्य नारायण अपनी किरणों से वर्षा करते हैं। इससे यद्यपि भगवान् सूर्य का जलवर्षण कार्य सिद्ध होता है तथापि सामान्यरूप से संस्कृत साहित्य में 'पुरीषि' शब्द का मल ही अर्थ प्रसिद्ध है और यहाँ मास की चर्चा चल भी रही है अत; मेरी दृष्टि से बारह महीने सूर्यनारायण का शरीर तथा पुरुषोत्तम मास ही उनका 'पुरीषि' है। इसी लिए उसको लोकभाषा में मलमास भी कहते हैं। सूर्यनारायण के सात घोड़ों का समूह ही सप्तचक्र है। कुछ लोगों के मत में शिशिर को अलग मानकर छः ऋतुओं की अवधारणा की गयी और वे ही छः ऋतु सूर्यनारायण के रथ के पहिये हैं। ऐसे रथ पर आसीन सूर्य नारायण को विचक्षणरथी सर्वज्ञ कहते हैं।। श्री ।।

संगति– फिर प्रजापति को श्रुति मास के रूप में कह रही है।। श्री ।।

मासो वै प्रजापतिस्तस्य कृष्णपक्षः एव रयिः शुक्लः प्राणस्तस्मादेत ऋषयः शुक्ल इष्टं कुर्वन्तीतर इतरस्मिन् ।।१२।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– मास ही प्रजापति अर्थात् सबको जन्म देने वाला है। उसमें कृष्ण पक्ष रयि और शुक्लपक्ष प्राण है। निवृत्तिवादी

ऋषिगण शुक्लपक्षरूप प्राण में इष्ट अर्थात् पूजन करते हैं। जैसे अन्य लोग अर्थात् प्रवृत्तिवादी कृष्णपक्ष में क्योंकि उनको आवागमन अभीष्ट है।। श्री ।।

संगति– फिर दिनरात्रि के रूप में प्रजापति की कल्पना करते हैं।। श्री ।।

अहोरात्रो वै प्रजापतिस्तस्याहरेव प्राणो रात्रिरेव रयिः प्राणं वा एते प्रस्कन्दन्ति ये दिवा रत्या संयुज्यन्ते ब्रह्मचर्यमेव तद्यद्रात्रौ रत्या संयुज्यन्ते ।।१३।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– दिनरात्रि का समूह ही प्रजापति है। दिन प्राण है और रात्रि रयि। जो लोग कामान्ध होकर दिन में अपनी पाणिगृहीत पत्नी से भी सम्भोगात्मक रतिक्रीडा करते हैं वे अपने प्राण को ही स्खलित करते हैं अर्थात् दिन में पत्नी के साथ सम्भोग से आयु समाप्त होती है, पुण्य क्षीण होता है और अनेक रोगों का जन्म होता है। और जो लोग रयि रूप रात्रि में धर्मतः विवाह कर लायी हुई पत्नी से उसकी इच्छा के अनुसार रति क्रीडा करते हैं, वे ब्रह्मचर्य का ही पालन करते हैं। इसलिए विवाहित होने पर भी भगवान् श्रीराम और श्रीलक्ष्मण को सूर्पणखा ने ब्रह्मचारी कहा जबकि उसने श्रीरामजी की पत्नी श्री सीता जी के दर्शन कर लिए थे। 'फलमूलासिनौ दान्तौ तापसौ ब्रह्मचारिणौ' यहाँ श्रुति का संकेत यह है कि दिन या रात किसी भी समय परनारी से सम्पर्क नहीं करना चाहिए। और अपनी भी पत्नी से सम्पर्क रात्रि में करना चाहिए वह भी निषिद्ध तिथियों व दिनों को छोड़कर और पत्नी की पूर्ण इच्छा होने पर ही।। श्री ।।

संगति– अब दो मन्त्रों में श्रुति इस उत्तर का उपसंहार करती हैं।। श्री ।।

अन्नं वै प्रजापतिस्ततो ह वै तद्रेतस्तस्मादिमाः प्रजाः प्रजायन्त इति ।।१४।।

तद्ये ह वै तत्प्रजापतिव्रतं चरन्ति ते मिथुनमुत्पादयन्ते। तेषामेवैष ब्रह्मलोको येषां तपो ब्रह्मचर्यं येषु सत्यं प्रतिष्ठितम् ।।१५।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– अन्न ही प्रजापति है। उसके भक्षण से बना हुआ रेत अर्थात् पिता का वीर्य प्राण और माता का रज ही रयि है। इन्हीं दोनों के संयोग से प्रजा की उत्पत्ति होती है।। श्री ।।

इस प्रकार जो लोग प्रजापति धर्म का पालन करते हैं वे लोग प्रजा की उत्पत्ति करते हैं परन्तु कूट धर्म में पड़े रहने के कारण उन्हें पितृलोक की

प्राप्ति होती है। ब्रह्मलोक उन गृहस्थों को भी मिलता है, जिसमें चान्द्रायणादि अथवा गीता में विहित तीनों प्रकार का तप, ब्रह्मचर्य एवं परब्रह्म परमात्मा और उनको प्राप्त कराने वाला वैदिक धर्म प्रतिष्ठित है।। श्री ।।

संगति– फिर श्रुति ब्रह्मलोकप्राप्तियोग्यता का वर्णन कर रही है।। श्री ।।

तेषामसौ विरजो ब्रह्मलोको न येषु जिह्ममनृतं न माया चेति ।।१६।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– जिनके जीवन में 'जिह्म' अर्थात् कपट, 'अनृत' अर्थात् असत्य, 'माया' अर्थात् दम्भ और 'छल' ये विकार नहीं हैं अर्थात् जो कपट असत्यभाषण और दम्भादि दोषों से रहित है, उन धर्मपरायण निवृत्तिवादी गृहस्थों के लिए भी यह ब्रह्मलोक अर्थात् श्रीरामरूप परब्रह्म का साकेतलोक सर्वदा के लिए सुरक्षित है। इस प्रकार प्रश्नोपदिषद् का कबन्ध द्वारा पूँछा हुआ प्रथमप्रश्न पिप्पलाद के उत्तर से सम्पन्न हो गया।। श्री ।।

।। इति प्रथम प्रश्न ।।

।। श्री राघवः शन्तनोतु ।।

।। अथ द्वितीयप्रश्न ।।

सम्बन्ध– प्रथम प्रश्न में सूर्य, मास और दिन के रूप में प्राण की चर्चा करके उसी का सबसे उत्कृष्ट होना बताया गया है। अब उसी प्राण की वरिष्ठता तथा विशिष्टता का प्रतिपादन करने के लिए द्वितीय प्रश्न का प्रारम्भ किया जाता है। महर्षि पिप्पलाद से भृगुगोत्रीय वैदर्भि प्रश्न करते हैं।। श्री ।।

अथ हैनं भार्गवो वैदर्भिः पप्रच्छ। भगवन्कत्येव देवाः प्रजां विधारयन्ते कतर एतत्प्रकाशयन्ते कः पुनरेषां वरिष्ठ इति ।।१।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– जब पिप्पलाद के उत्तर से सन्तुष्ट हुए कात्यायन कबन्ध चुप हुए तब भृगु गोत्र में उत्पन्न महर्षि वैदर्भि ने पिप्पलाद से तीन प्रश्न किये। भगवन्! रयि और प्राण के मिथुन से उत्पन्न हुई इस प्रजा को कितने देवता धारण-पोषण करते हैं और इसे उन देवताओं में कौन-कौन प्रकाशित करते हैं और उन देवताओं में कौन सबसे वरिष्ठ हैं? यहाँ बाहुलक से बहुवचन में भी तट्प्रत्यय हुआ।। श्री ।।

संगति– इन प्रश्नों को सुनकर महर्षि पिप्पलाद उत्तर देने का उपक्रम कर रहे हैं।। श्री ।।

तस्मै सचाहोवाच आकाशो ह वा एष देवो वायुरग्निराप: पृथिवी वाङ्मनश्चक्षु: श्रोत्रं च। ते प्रकाश्याभिवदन्ति वयमेतद्वाणमवष्टभ्य विधारयाम: ।।२।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– अब पिप्पलाद ने उत्तर दिया कि— एक वार आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी,वाणी, पाणि, पाद, पायु, उपस्थ, मन, बुद्धि, अहंकार, चित्त, चक्षु, श्रोत्र, रसना, घ्रांण, त्वक् इन उन्नीस सूक्ष्म अवयवों के देवताओं ने स्पर्धा और अहंकार से यह कहा कि हम जीवात्मा से आधीष्ठित इस शरीर को टिकाते हैं, संभाते हैं और धारण करते हैं।। श्री ।।

संगति– अब प्राण की वरिष्ठता का संकेत करते हैं—

तान्वरिष्ठ: प्राण उवाच। मा मोहमापद्यथाहमेवैतत्पञ्चधात्मानं प्रविभज्यैतद्बाणमवष्टभ्य विधारयामीति तेऽश्रद्दधाना बभूवु: ।।३।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– उन्नीसों देवताओं को अहंकार युक्त देखकर वरिष्ठ प्राण ने कहा— "देवताओं मिथ्या मोह के वश में मत होओ। वास्तव में मैं प्राण ही प्राण, अपान, उदान, समान, व्यान, इन पाँच रूपों में अपने को विभक्त करके इस शरीर को टिकाये भी रखता हूँ और धारण भी करता हूँ।" परन्तु देवताओं ने नास्तिक बुद्धि होने के कारण प्राण की बात पर आस्था नहीं रखी।। श्री ।।

संगति– अब प्राण ने इन उन्नीसों देवताओं का मद भङ्ग करने का निश्चय किया।। श्री ।।

सोऽभिमानादूर्ध्वमुत्क्रामत इव तस्मिननुत्क्रामत्यथेतरे सर्वा एवोत्क्रामन्ते तस्मिँश्च प्रतिष्ठमाने सर्व एव प्रातिष्ठन्ते। तद्यथा मक्षिका मधुकरराजानमुत्क्रामन्तं सर्वा एवोत्क्रामन्ते तस्मिँश्च प्रतिष्ठमाने सर्वा एव प्रातिष्ठन्त एवं वाङमनश्चक्षु:श्रोत्रं च ते प्रीता: प्राणं स्तुन्वन्ति ।।४।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– जैसे- भ्रमरों के राजा के उड़ते ही अन्य सभी भौंरे उड़ जाते हैं और उसके प्रस्थान करते ही सभी प्रस्थान कर जाते हैं, उसी प्रकार देवताओं का अभिमान देख कर प्राण जब थोड़ा सा उत्क्रमण करने लगा तब पूर्वोक्त उन्नीसों देवता अपने आप ही ऊपर उठने लगे और उसके प्रस्थान करते ही शरीर को छोड़कर जाने लगे अर्थात् प्राण के बिना

इस शरीर को न तो टिका सके और न ही धारण कर सके, तब उन्नीसों देवता प्रसन्न होकर प्राण की स्तुति करने लगे।। श्री ।।

संगति– अब प्रश्नसमाप्तिपर्यन्त प्राण की स्तुति का वर्णन करते हैं।। श्री ।।

एषोऽग्निस्तपत्येष सूर्य एष पर्जन्यो मघवानेष वायुः।
एष पृथिवी रयिर्देवः सदसच्चामृतं च यत्।।५।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– अब देवता कहते हैं कि— यह प्राण ही अग्नि है, यह प्राण ही सूर्य बन कर तप रहा है, यह प्राण ही इन्द्र तथा वर्षणशील मेघ है, यह प्रण ही सब को धारण करने वाली पृथ्वी तथा जीवन धारिणी रयि है, और यही प्राण सत् अर्थात् जीवात्मा एवं असत् यानि प्रकृति से परे विशिष्टाद्वैतरूप अमृततत्वरूप परमात्मा भी है।। श्री ।।

संगति– अगले मन्त्र में प्राण की सर्वव्यापकता सिद्ध कर रहे हैं।। श्री ।।

अरा इव रथनाभौ प्राणे सर्वं प्रतिष्ठितम्।
ऋचो यजूँषि सामानि यज्ञः क्षत्रं ब्रह्म च।।६।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– जिस प्रकार अर रथ के नाभि में स्थित होती है उसी प्रकार सभी ऋग्ः, यजुः, साम और सभी देवता तथा समस्त संसार इस प्राण में ही प्रतिष्ठित हैं।। श्री ।।

संगति– अब प्राण के ऐश्वर्य का प्रतिपादन करते हैं—

प्रजापतिश्चरसि गर्भे त्वमेव प्रतिजायसे।
तुभ्यं प्राण प्रजास्त्विमा बलिं हरन्ति यः प्राणैः प्रतितिष्ठसि।।७।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– हे प्राण! तुम प्रजापति रूप में माता के गर्भ में विचरते हो और तुम्हीं जन्म लेते हो। सारी प्रजायें तुम्हें उपहार देती हैं और तुम प्राणादि पाँच रूपों में प्रतिष्ठा पूर्वक विराजते हो।। श्री ।।

संगति– अब श्रुति प्राण की श्रेष्ठता का विवेचन करती है।। श्री ।।

देवानामसि वह्नितमः पितृणां प्रथमा स्वधा।
ऋषीणां चरितं सत्यमथर्वाङ्गिरसामसि।।८।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– हे प्राण! देवताओं के सबसे श्रेष्ठ अग्नि तुम्हीं हो। पितरों की प्रथम स्वधा अर्थात् नान्दीमुखश्राद्ध स्वधा तुम हो। ऋषियों का आचरित सत्य तुम हो और अंगिरावंश में श्रेष्ठ अथर्वा तुम हो।। श्री ।।

इन्द्रस्त्वं प्राण तेजसा रुद्रोऽसि परिरक्षिता।
त्वमन्तरिक्षे चरसि सूर्यस्त्वं ज्योतिषां पतिः ।।९।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– श्रुति कहती हैं— हे प्राण! तुम तेज से इन्द्र हो, तुम सबके रक्षक भगवान् रूद्र हो, तुम आकाश में भ्रमण करते हो और तुम्ही नक्षत्रों के स्वामी सूर्य हो।। श्री।।

संगति– फिर श्रुति प्राण की प्रसन्नता में ही अन्य देवताओं के सुख का वर्णन करती हैं।। श्री।।

यदा त्वमभिवर्षस्येमाः प्राण ते प्रजाः।
आनन्दरूपास्तिष्ठन्ति कामायान्नं भविष्यतीति ।।१०।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– हे प्राण! जब तुम बादल बनकर बरसते हो तब सभी प्रजाऐं यह सोच कर कि "अब अन्न का प्रचुर उत्पादन होगा" आनन्द में झूम उठती हैं।। श्री।।

व्रात्यस्त्वं प्राणैकर्षिरत्ता विश्वस्य सत्पतिः।
वयमाद्यस्य दातारः पिता त्वं मातारिश्वनः ।।११।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– हे प्राण! तुम सबसे प्रथम जन्म लेने के कारण 'व्रात्य' हो। तुम अद्वितीय ऋषि तथा सारे संसार के भक्षक महाकाल हो। हम तम्हें भोजन देने वाले सेवक हैं। तुम वायु के भी पिता हो।। श्री।।

या ते तनूर्वाचि प्रतिष्ठिता या श्रोत्रे या च चक्षुषि।
या च मनसि सन्तता शिवां तां कुरु मोत्क्रमीः ।।१२।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– हे प्राण! जो तुम्हारी कल्याणमयी मूर्ति वाणी आदि पाँचों कर्मेनिद्रयों में, मन आदि चारो अन्तःकरणों में, तथा नेत्र श्रवणादि पाँचों ज्ञानेद्रियों में प्रतिष्ठित है, उसे हम सबके लिए कल्याणकारिणी बनाओ और हमे छोड़कर उत्क्रमण मत करो।। श्री।।

प्राणस्येदं वशे सर्वं त्रिदिवे यत्प्रतिष्ठितम्।
मातेव पुत्रान् रक्षस्व श्रीश्च प्रज्ञां च विधेहि नः ।।१३।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– "स्वर्ग में जो कुछ प्रतिष्ठित है वह सब प्राण के वश में है। हे हमारे आत्मीय प्राणदेव! जैसे माँ अपने पुत्रों की रक्षा करती है उसी प्रकार हमारी रक्षा करो। हमें लक्ष्मी और उसकी रक्षा के लिए

बुद्धि प्रदान करो।'' यहाँ प्राण की स्तुति का तात्पर्य एक मात्र परब्रह्म परमात्मा भगवान् राम में है। क्योंकि उन्नीसों देवताओं द्वारा दिये विशेषण परमात्मा से अतिरिक्त कहीं संगत ही नहीं हो सकते। इसलिए ब्रह्मसूत्र में भगवान् व्यास ने भी यहाँ संकीर्तित प्राण शब्द से परब्रह्म परमात्मा का ही ग्रहण किया है। 'अत एव प्राणः।' (१/१/२४)॥ श्री॥

॥ इति द्वितीयप्रश्न ॥

॥ श्रीराघवः शन्तनोतु ॥

॥ अथ तृतीयप्रश्न ॥

सम्बन्ध– द्वितीयप्रश्न में प्राण की श्रेष्ठता और उसकी सर्वातिशयता का वर्णन किया गया है। उसकी कारणजिज्ञासा के लिए तृतीयप्रश्न का प्रारम्भ किया जाता है॥ श्री॥

अथ हैनं कौसल्यश्चाश्वलायनः पप्रच्छ– भगवन्कुत एष प्राणो जायते कथमायात्यस्मिञ्शरीर आत्मानं वा प्रविभज्य कथं प्रातिष्ठते केनोत्क्रमते कथं बाह्यमभिधत्ते कथमध्यात्ममिति॥१॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– अब कोशलदेशनिवासी आश्वलायन ने महर्षि पिप्पलाद से छः प्रश्न किये— भगवान् प्राण कहाँ से जन्म लेता है? वह इस शरीर में कैसे आता है और वह शरीर के सभी अवयवों में किस मार्ग से प्रवेश करता है? वह उत्क्रमण कैसे करता है? वह बाह्य विषयों का अनुसंधान कैसे करता है और वह आत्मा के विषयों का कैसे अनुसंधान करता है?॥ श्री॥

संगति– आश्वलायन के छः प्रश्न सुन कर पिप्पलाद उनकी प्रसंशा करते हैं॥ श्री॥

तस्मै स होवाचातिप्रश्नान्पृच्छसि ब्रह्मिष्ठोऽसीति तस्मात्तेऽहं ब्रवीमि॥२॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– पिप्पलाद ने आश्वलायन से कहा– वत्स! बहुत सुन्दर प्रश्न कर रहे हो। तुम ब्रह्मनिष्ठ अर्थात् कुलीन ब्राह्मण प्रतीत हो रहे हो। एक तो प्राणतत्व स्वयं दुर्ज्ञेय है और तुम उसके कारण की जिज्ञासा कर रहे हो। अब मैं तुम्हें उसका रहस्य बतलाता हूँ॥ श्री॥

संगति– अब प्राण के जन्मों की चर्चा करते हैं॥ श्री॥

आत्मन एष प्राणो जायते। यथैषा पुरुषे च्छायैतस्मिन्नेतदाततं मनोकृतेनायात्यस्मिञ्शरीरे॥३॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– पिप्पलाद ने आश्वलायन से कहा– हे सोम्य। यह प्राण आत्मा से अर्थात् परमात्मा से जन्म लेता है। जिस प्रकार छाया पुरुष का अनुगमन करती है उसी प्रकार परमात्मा के पास से जन्म लेने वाला यह प्राण प्रत्यगात्मा का अनुगमन करता हुआ अपने मन द्वारा किये हुए संकल्प के अनुसार शरीर को प्राप्त करता है। अर्थात् मरणकाल में यदि जीवात्मा का मन विषयों का चिन्तन करता है तब सूकर-कूकर आदि योनियों को प्राप्त करता है। अर्थात् मरणकाल में यदि जीवात्मा का मन विषयों का चिन्तन करता है तब सूकर-कूकर आदि योनियों को प्राप्त करता है और जब मृत्यु के समय कोटि कन्दर्प मनोज मोहन भगवान् श्री सीताराम का स्मरण करता है तब उसे भगवत् सेवा के लिए उपयोगी दिव्यशरीर प्राप्त हो जात है। इसलिए सतत् भगवान् का ही स्मरण करना चाहिये। किसी कवि ने ठीक ही कहा है—

क्षण भंगुर जीवन की कलिका
कल प्रात को जाने खिले न खिले।
मलयाचल शीतल मन्द सुगन्ध
समीर को जाने चले न चले॥
कालिकाल कुठार लिए फिरता,
तन मन सी चोट झिले न झिले॥
भज ले रघुनाथ अरी रसना,
फिर अन्तसमय में हिले न हिले॥ श्री॥

संगति– अब दो प्रश्नों का समाधान करके सम्राट के उदाहरण से तृतीयप्रश्न का समाधान कहते हैं॥ श्री॥

यथा सम्राडेवाधिकृतान् विनियुङ्क्ते एतान्ग्रामानेतान्ग्रामानधितिष्ठस्वेत्येवमेवैष प्राण इतरान् प्राणान् पृथक्पृथगेव संनिधत्ते॥४॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– पिप्पलाद कहते हैं– हे आश्वलायन! जैसे कोई सम्राट अपने द्वारा अधिकृत जनों को ग्रामों, जनपदों में 'यहीं रहो' इस प्रकार कह कर नियुक्त करता है, उसी प्रकार यह प्राण अपने प्राण,

अपान, उदान, समान तथा व्यान को ग्राम तुल्य इन शरीरों में नियुक्त करता है॥ श्री॥

संगति– अब नियुक्ति का प्रकार कहते हैं॥ श्री॥

पायूपस्थेऽपानं चक्षुःश्रोत्रे मुखनासिकाभ्यां प्राणः स्वयं प्रातिष्ठते मध्ये तु समानः। एष ह्येतद्धुतमन्नं समं नयति तस्मादेताः सप्तार्चिषो भवन्ति॥५॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– पायु और उपस्थ में यह प्राण अपानवायु के रूप में तथा नेत्र, श्रवण में, मुख और नासिका से प्रस्थान करता हुआ प्राण के रूप में विराजता है। शरीर के मध्य में यह समानवायु बन जाता है। क्योंकि यह विशिष्ट अन्न को भोजन करने के पश्चात् उसका स्वयं समुन्नयन करता है॥ श्री॥

संगति– अब व्यान की चेष्टा का वर्णन करते हैं॥ श्री॥

हृदि ह्येष आत्मा। अत्रैतदेकशतं नाडीनां तासां शतं शतमेकैकस्यां द्वासप्ततिर्द्वासप्ततिः प्रतिशाखानाडीसहस्राणि भवन्त्यासु व्यानश्चरति॥६॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– हे पिप्पलाद! यह जीवात्मा अपने मित्र परमात्मा के साथ प्रत्येक शरीर में हृदयदेश में रहता है। वहाँ प्रत्येक हृदय में सौ-सौ नाड़ियाँ उन प्रत्येक की सौ-सौ शाखायें और उनमें प्रत्येक शाखा की बहत्तर-बहत्तर शाखाएँ इस प्रकार प्रत्येक शरीर में हजारों नाड़ियाँ होती है और उनमें रक्त का प्रवाह दौड़ाने के लिए नियुक्त होकर यह व्यान संज्ञा को प्राप्त कर लेता है॥ श्री॥

संगति– अब उदान के कार्य का वर्णन करते हैं—

अथैकयोर्ध्व उदानः पुण्येन पुण्यं लोकं नयति पापेन पापमुभाभ्यामेव मनुष्यलोकम्॥७॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– हे आश्वलायन! इसके अनन्तर उर्ध्वगामिनी अर्थात् ऊपर जाने वाली सुषुम्ना नाड़ी से यह प्राणवायु जब ऊपर जाता है तब इसे उदान कहते हैं। यह पुण्य धर्म करने वालों को स्वर्ग तथा पाप करने वाले को नरक ले जाता है। और पाप तथा पुण्य इन दोनों से जीव को मनुष्यलोक में ले जाता है॥ श्री॥

संगति– अब आश्वलायन के पाँचवे प्रश्न का समाधान करते हैं॥ श्री॥

आदित्यो ह वै बाह्यः प्राण उदयत्येष ह्येनं चाक्षुषं प्राणमनुगृह्णानः। पृथिव्यां या देवता सैषा पुरुषस्यापानमवष्टभ्यान्तरा यदाकाशः स समानो वायुर्व्यानः ॥८॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– चूँकि बाह्यप्राण से आन्तरप्राणों की रक्षा होती है इसलिए चक्षुः सम्बन्धी आन्तरप्राण पर कृपा करते हुए बाह्यप्राण के रूप में भगवान् सूर्य ही उदित होते हैं। और पृथ्वी अभिमानी देवता ही पुरुष का बाह्य अपान है। उसी से आन्तर अपान का नियन्त्रण होता है। इन दोनों के बीच में रहनेवाला आकाश ही बाह्य समान है उसी से आन्तर समान की सुरक्षा होती है और उसी में रहने वाला वायु ही व्यान है॥ श्री॥

संगति– अब उदान की व्याख्या करते हैं॥ श्री॥

तेजो ह वा उदानस्तस्मादुपशान्ततेजाः पुनर्भवमिन्द्रियैर्मनसि सम्पद्यमानैः ॥९॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– हे आश्वलायन! तेज ही अर्थात् अग्नि ही पुरुष का उदान है इसी कारण जब पुरुष का तेज शान्त हो जाता है तब वह ऊपर अर्थात् स्वर्ग आदि लोकों में नहीं जा सकता और अपने मन में विलीन होने वाले इन्द्रियों के साथ वह संसार सागर में आ जाता है। क्योंकि ऊर्ध्व गमन न होने से चक्षु, श्रोत्र, त्वक्, रसना और घ्राण इन पाँच इन्द्रियों के साथ मन को अपने साथ घसीटता हुआ जीवात्मा पुनर्भव अर्थात् जन्म-मरण को प्राप्त होता रहता है॥ श्री॥

संगति– अब संकल्प को ही शरीर का कारण कहते हैं—

यच्चित्तस्तेनैष प्राणमायाति प्राणस्तेजसा युक्तः सहात्मना यथासङ्कल्पितं लोकं नयति ॥१०॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– इसलिए यह जीवात्मा जिस संकल्प वाले चित्त से युक्त होकर प्राण को प्राप्त होता है, प्राण उसी तेज के साथ अर्थात् उसी संकल्प ज्ञान के साथ जीवात्मा को उसके ही संकल्प के अनुसार उन्हीं द्वारा रचित लोकों में ले जाता है॥ श्री॥

संगति– अब फलश्रुति का वर्णन करते हैं॥ श्री॥

य एवं विद्वान्प्राणं वेद न हास्य प्रजा हीयतेऽमृतो भवति तदेष श्लोकः ॥११॥

उत्पत्तिमायतिं स्थानं विभुत्वं चैव पञ्चधा। अध्यात्मं चैव प्राणस्य विज्ञायामृतमश्नुते विज्ञायामृतमश्नुत इति ॥१२॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– इस प्रकार जानता हुआ जो प्राणों को समझता है तथा छहों प्रश्नों को जानकर जो भगवत् रूप में प्राण की उपासना करता है उसकी संतान कभी नष्ट नहीं होती है। अमृत हो जाता है अर्थात् मरणधर्म से ऊपर उठ जाता है। इसी तथ्य में श्रुति द्वारा एक श्लोक प्रकट किया जा रहा है ॥ श्री ॥

परमात्मा से प्राण की उत्पत्ति को, संकल्प द्वारा उसके प्रतिशरीर-गमन को, आन्तर प्राणों के रूप में प्राणों की संस्थिति को, प्राण, अपान, समान, व्यान और उदान की व्यापकता एवं महाभूतरूप में बाह्यता तथा प्राणादि रूप में प्राण की अध्यात्मता को जानकर साधक अमृतरूप परमात्मा को प्राप्त करके उनके ब्रह्मानन्द महामृत का स्वाद लेता है। सिद्धान्त को दृढ़ करने के लिए द्विरुक्ति की गयी और इति से तृतीय प्रश्न की समाप्ति सूचित की गयी ॥ श्री ॥

॥ इति तृतीयप्रश्न ॥

॥ श्रीराघवः शन्तनोतु ॥

॥ अथ चतुर्थप्रश्न ॥

सम्बन्ध भाष्य– श्रुति ने प्राण के साथ जीवात्मा के सम्बन्ध का वर्णन किया। अब प्राण के अतिरिक्त भी शरीर का कोई आधिष्ठाता है क्योंकि इस शरीर का प्राण मुख्य अंग है। जैसे घर किसी विशेष व्यक्ति के लिए बनाया जाता है। उसी प्रकार उन्नीस अवयवों वाला यह शरीर भी किसी अलौकिक गृहस्वामी के लिए बनाया गया है। इसलिए उसके भी कुछ क्रियाकलाप होने चाहिए। इसी सन्दर्भ में पिप्पलाद से सौर्यायणी ने पाँच प्रश्न किये ॥ श्री ॥

अथ हैनं सौर्यायणी गार्ग्यः पप्रच्छ– भगवन्नेतस्मिन्पुरुषे कानि स्वपन्ति कान्यस्मिञ्जाग्रति कतर एष देवः स्वप्नान्पश्यति कस्यैतत्सुखं भवति कस्मिन्नु सर्वे संप्रतिष्ठिता भवन्तीति ॥१॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– अब गर्गगोत्र में उत्पन्न सौर्यायणी ने महर्षि [illegible]लाद से पाँच प्रश्न किये— भगवन्! इस पुरुषमयशरीर में कितने लोग [illegible] इसमें कितने जागते हैं? इसके स्वप्न व्यापारों को कौन देवता

देखता है ? इसके सुख का अनुभव किसे होता है ? और सभी लोग किसमें प्रतिष्ठित रहते हैं ? ।। श्री ।।

संगति– अब पिप्पलाद उत्तर देते हैं ।। श्री ।।

तस्मै च होवाच यथा गार्ग्य मरीचयोऽर्कस्यास्तं गच्छतः सर्वा एतस्मिंस्तेजोमण्डल एकीभवन्ति । ताः पुनः पुनरुदयतः प्रचरन्त्येवं ह वै तत्सर्वं परे देवे मनस्येकीभवति । तेन तर्ह्येष पुरुषो न शृणोति न पश्यति न जिघ्रति न रसयते न स्पृशते नाभिवदते नादत्ते नानन्दयते न विसृजते नेयायते स्वपितीत्याचक्षते ।।२।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– पिप्पलाद कहते हैं— हे गार्ग्य ! जिस प्रकार सायंकाल सूर्य की किरणें सूर्य के अस्त होते ही उनके तेजोमय मण्डल में छिप जाती है एवं प्रातः काल उनके उदय होते ही उन्हीं से प्रकट हो जाती हैं उसी प्रकार परमात्मा के स्थित रहने पर इन्द्रियों का सम्पूर्ण व्यापार मन में स्थिर हो जाता है। उस समय पुरुष न कान से सुनता है, न आँख से देखता है, न ही रसना से रस लेता है, न ही नाक से सूँघता है, न ही त्वक् से स्पर्श करता है, न ही वाणी से बोलता है, न ही चरण से चलता है, न ही हाथ से लेता है, न ही पायु से विसर्जित करता है और न ही उपस्थ से आनन्द प्राप्त करता है। उस समय 'यह सो रहा है' ऐसा लोग पुरुष को कहते हैं। अर्थात् इस शरीर में जीवात्मा ही सोता है। यह प्रथम प्रश्न का उत्तर है ।। श्री ।।

संगति– अब द्वितीय प्रश्न का उत्तर देते हुए पाँचों अग्नियों का रूपक प्रस्तुत करते हैं ।। श्री ।।

प्राणाग्नय एवैतस्मिन्पुरे जाग्रति । गार्हपत्यो ह वा एषोऽपानो व्यानोऽन्वाहार्यपचनो यद् गार्हपत्यात् प्रणीयते प्रणयनादाहवनीयः प्राणः ।।३।।

यदुच्छ्वासनिःश्वासावेतावाहुती समं नयतीति स समानः । मनो ह वाव यजमानः । इष्टफलमेवोदानः । स एनं यजमानमहरहर्ब्रह्म गमयति ।।४।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– हे गार्ग्य ! इस शरीररूप पुर में पाँच प्राण ही अग्नि के रूप में जागते हैं। जिसमें अपान ही गार्हपत्य है और

अन्वाहार्य पचन दक्षिणाग्नि ही व्यान है तथा गार्हपत्य से प्रणयन होने के कारण आहवनीय ही प्राण है। यज्ञ की उच्छ्वास निःस्वासरूप आहुतियों को वह समन्वित करता है इससे वह समान है, मन ही यजमान है और उसका इष्टफल ही उदान है ।। श्री ।।

संगति– अब तृतीयप्रश्न का उत्तर देते हैं ।। श्री ।।

अत्रैष देवः स्वप्ने महिमानमनुभवति। यद् दृष्टं दृष्टमनुपश्यति श्रुतं श्रुतमेवार्थमनुश्रृणोति। देशदिगन्तरैश्च प्रत्यनुभूतं पुनः पुनः प्रत्यनुभवति दृष्टं चादृष्टं च श्रुतं चाश्रुतं चानुभूतं चाननुभूतं च सच्चासच्च सर्वं पश्यति सर्वः पश्यति ।।५।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– हे सौर्यायणि! इस शरीर में रह कर आत्मदेव स्वप्न की महिमा का अनुभव करता है। जाग्रत अवस्था में 'जो देखा है और जो कभी नहीं देखा, जाग्रत में जो सुना है और जो कभी नहीं सुना है, देश दिगन्तरों से जो अनुभव किया है और जो कभी नहीं अनुभव किया है, वह सब दृष्ट-अदृष्ट श्रुत-अश्रुत, अनुभूत और अननुभूत, जीवात्मा स्वप्न में देखता, सुनता और अनुभव करता है ।। श्री ।।

संगति– अब चौथे प्रश्न का समाधान करते हैं ।। श्री ।।

स यदा तेजसाभिभूतो भवत्यत्रैष देवः स्वप्नान्न पश्यत्यथ तदैतस्मिञ्शरीर एतत्सुखं भवति ।।६।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– हे सौर्यायणी! जब यह जीवात्मा उदान रूप तेज से अभिभूत हो जाता है तब वह गाढ निद्रा में सोता हुआ आनन्द में मग्न हो जाता है, तब यह स्वप्नों को भी नहीं देखता और तब इस जीवात्मा को ही सुख होता है। क्योंकि सुसुप्तिआनन्द की अवस्था है ।। श्री ।।

संगति– अब सभी शरीरधर्मों की परमात्मा में ही प्रतिष्ठा कह रहे हैं ।। श्री ।।

स यथा सोम्य वयांसि वासोवृक्षं संप्रतिष्ठन्ते एवं ह वै तत्सर्वं पर आत्मनि संप्रतिष्ठते ।।७।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– हे सोम्य! जिस प्रकार सायंकाल सभी पक्षी अपने वस्त्र के समान आच्छादित वृक्ष के घोंसले में प्रविष्ट हो जाते हैं उसी

प्रकार मन के सहित सभी इन्द्रियों के व्यापार परमात्मा में ही प्रतिष्ठित हो जाते हैं ।। श्री ।।

पृथिवी च पृथिवीमात्रा चापश्चापोमात्रा च तेजश्च तेजोमात्रा च वायुश्च वायुमात्रा चाकाशश्चाकाशमात्रा च चक्षुश्च द्रष्टव्यं च श्रोत्रं च श्रोतव्यं च घ्राणं च घ्रातव्यं च रसश्च रसयितव्यं च त्वक्च स्पर्शयितव्यं च पायुश्च विसर्जयितव्यं च पादौ च गन्तव्यं च मनश्च मन्तव्यं च बुद्धिश्च बोद्धव्यं चाहंकारश्चाहंकर्तव्यं च चित्तं च चेतयितव्यं च तेजश्च विद्योतयितव्यं च प्राणश्च विधारयितव्यं च ।।८।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– पृथ्वी, जल, तेज, वायु, आकाश, शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध, चक्षु आदि इन्द्रियाँ और उनके विषय, मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार तथा प्राण और तेज ये सभी परब्रह्म परमात्मा में ही विलीन हो जाते हैं ।। श्री ।।

संगति– अब सब का आधारभूत जीवात्मा कहाँ प्रतिष्ठित होता है ? इस पर कहते हैं ।। श्री ।।

एष हि द्रष्टा स्प्रष्टा श्रोता घ्राता रसयिता मन्ता बोद्धा कर्ता विज्ञानात्मा पुरुषः स परेऽक्षर आत्मनि संप्रतिष्ठते ।।९।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– इस प्रकार यही रूप का द्रष्टा, स्पर्श का स्प्रष्टा, शब्दों का श्रोता, गन्ध का भान करने वाला, रस का स्वाद लेने वाला, मननीय का मनन करने वाला और बोधनीय का बोध करने वाला, करणीय का सम्पादन करने वाला, अपने और परमात्मा के बीच सेवक-सेव्यभाव सम्बन्ध को जानने वाला यह जीवात्मा अन्ततोगत्वा अखण्डपरमानन्दसम्पन्न-श्रीरामरूप परमात्मा में विलीन हो जाताहै ।। श्री ।।

संगति– अब ब्रह्मविज्ञान की स्तुति करते हैं ।। श्री ।।

परमेवाक्षरं प्रतिपद्यते स यो ह वै तदच्छायमशरीरमलोहितं शुभ्रमक्षरं वेदयते यस्तु सोम्य। स सर्वज्ञः सर्वो भवति। तदेष श्लोकः ।।१०।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– हे सोम्य ! जो व्यक्ति परमात्मा को अच्छाय अर्थात् पाप की छाया से रहित, माया रूप छाया से दूर, अव्यक्त जीवात्मारूप छाया से युक्त एवं अकार अर्थात् वासुदेव जिनकी छाया है ऐसे महाविष्णु

रूप, अशरीर अर्थात् अव्यक्त शरीर वाले तथा अलोहित लोहित अर्थात् रक्त वर्ण से भिन्न श्यामवर्ण एवं रजोगुण से अतीत समझता है, वह परम अक्षर परमात्मा को प्राप्त कर लेता हैं और सर्वस्वरूप परमात्मा को जानकर सर्वज्ञ जैसा हो जाता है।। श्री।।

संगति– फिर इसी अर्थ को संक्षिप्त करके कहते हैं।। श्री।।

विज्ञानात्मा सह देवेश्च सर्वैः प्राणा भूतानि संप्रतिष्ठन्ति यत्र।
तदक्षरं वेदयते यस्तु सोम्य स सर्वज्ञः सर्वमेवाविवेशेति।।११।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– हे सोम्य! दसों इन्द्रियों, चारो अन्तः करणों के सभी देवताओं के साथ पाँचों प्राण पंच महाभूत एवं विज्ञानात्मा ये सब जिस परब्रह्म अक्षर श्रीराम में प्रतिष्ठित हो जाते हैं, उन अक्षर परब्रह्म को जो जान लेता है वह सर्वज्ञ होकर सर्वस्वरूप परमात्मा में प्रविष्ट हो जाता है। इति शब्द प्रश्नसमाप्ति का सूचक है।

।। इति चतुर्थप्रश्न ।।

।। श्रीराघवः शन्तनोतु ।।

।। अथ पञ्चमप्रश्न ।।

सम्बन्ध– सगुण और निर्गुण भेद से ब्रह्म दो प्रकार का है और दोनों का वाचक है ॐ। सगुण ब्रह्मा का निरूपण वह तब करता है जब प्रणव की व्युत्पत्ति पक्ष का अश्रय किया जाता है। इन व्युत्पत्तियों की हमने ईशावास्योपनिषद् में चर्चा की है। जब प्रणव में अव्युत्पत्ति पक्ष का आश्रय होता है, तब वह निर्गुण निराकार परमात्मा का बोध कराता है। इस पर भी हम ईशावास्योपनिषद में चर्चा कर चुके हैं। इसी ओंकार की उपासना का वर्णन करने के लिए पंचमप्रश्न का प्रारम्भ होता है।। श्री।।

अथ हैनं शैव्यः सत्यकामः पप्रच्छ। स यो ह वै तद्भगवन्मनुष्येषु प्रायेणान्तमोङ्कारमभिध्यायीत। कतमं वाव स तेन लोकं जयतीति।।१।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– इसके अनन्तर शिवि के पुत्र सत्यकाम ने पिप्पलाद से पूछा– भगवन्! धर्मयुक्त मानवों में जो कोई एक साधक शरीर के त्याग के समय ओंकार का अभीष्ट रूप से ध्यान करता है, वह किस लोक को जीतता है? अर्थात् वह अपने प्रणवध्यान के अधिकार से किस लोक को प्राप्त करता है।। श्री।।

संगति– अब पिप्पलाद इस प्रश्न का समाधान करते हैं ।। श्री ।।

तस्मै स होवाच । एतद्वै सत्यकाम परं चापरं च ब्रह्म यदोङ्कारः । तस्माद्विद्वानेतेनैवायतनेनैकतरमन्वेति ।। २ ।।

रा० कृ० भा० सामान्यार्थ– पिप्पलाद ने निश्चय पूर्वक सत्काम से कहा– हे सत्यकाम ! पर और अपर भेद से ब्रह्म दो प्रकार का है। पर को सगुण ब्रह्म और अपर को निर्णुण ब्रह्म कहते हैं। इन दोनों का ही ओंकार वाचक है। इसी को अवलम्बन मान कर विद्वान् पर और उपर अर्थात् सगुण और निर्गुण ब्रह्म में किसी एक को प्राप्त कर लेता है ।। श्री ।।

व्याख्या– प्रश्न– यहाँ सगुण ब्रह्म को पर और निर्गुण को अपर क्यों कहा गया है ? जबकि माया से ढके होने के कारण सगुण ब्रह्म को अपर तथा निर्गुण ब्रह्म को पर कहना चाहिए ।। श्री ।।

उत्तर– ऐसा मत कहो 'अणोरणीयान् महतो महीनयान्' महामायापति को दोषों से भरी हुई बिचारी माया कैसे ढक सकती है। इसलिए सम्पूर्ण कल्याण गुणगणों का निलय होने के कारण सगुणब्रह्म 'पर' है क्योंकि वह साधकों को बहुत सुलभ है। निर्गुणब्रह्म अपने गुणों को छिपाने के कारण बहुत ही दुर्लभ एवं दुराराध्य है। इसीलिए श्रुति ने निर्गुणब्रह्म को अपर कहा। यदि कहें कि सगुणब्रह्म के परत्व में क्या प्रमाण हैं ? तो हमारा निवेदन है कि श्रीमद्भागवद् गीता में सगुणब्रह्म श्रीकृष्ण के प्रति अर्जुन द्वारा परब्रह्म शब्द का उच्चारण ही परमप्रमाण है। क्योंकि गीता के श्रीकृष्ण सगुण ब्रह्म ही हैं निर्गुण ब्रह्म नहीं। उन्हीं सगुण साकार ब्रह्म को अर्जुन (गीता १०/१२) में परब्रह्म शब्द से सम्बोधित करते हैं—

परब्रह्म परमधाम पवित्रं परमं भवान् ।।

—*(गीता १०/१२)*

किं बहुना, जब (गीता- १२/९) में अर्जुन ने यह पूँछा कि— हे प्रभो। जो निरन्तर अनन्ययोग से युक्त होकर प्रेमलक्षणाभक्ति से आप परमात्मा की उपासना करते हैं, तथा जो उसके विपरीत अव्यक्त अक्षर की उपासना करते हैं इन दोनों में श्रेष्ठ योगवेत्ता कौन है ? इस पर भगवान् ने उत्तर दिया कि— जो लोग श्रेष्ठ आस्तिक बुद्धि से युक्त होकर, नित्ययोगसम्पन्न बुद्धि से मुझ सगुण साकार परमात्मा में ही अपना मन लगाकर उपासना करते हैं, वे श्रेष्ठ योगी हैं और वे मेरे द्वारा भी पूजित होते हैं। भगवान् के

इस वाक्य से यह सिद्ध होता है कि निर्गुण और सगुण ये दोनों ही परब्रह्म के रूप में कोई किसी से छोटा-बड़ा नहीं परन्तु साधना की दृष्टि से सगुणब्रह्म निर्गुणब्रह्म की अपेक्षा श्रेष्ठ है। इसीलिए रामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास जी कहते हैं—

निर्गुन रूप सुलभ अति, सगुण जान नहि कोई ।।
सुगम अगम नाना चरित, सुनि मुनि मन भ्रम होई ।। श्री ।।

संगति– अब एक मात्रिक ओंकार के ध्यान का वर्णन कर रहे हैं ।। श्री ।।

स यद्येकमात्रमभिध्यायीत स तेनैव संवेदितस्तूर्णमेव जगत्यामभिसम्पद्यते । तमृचो मनुष्यलोकमुपनयन्ते स तत्र तपसा ब्रह्मचर्येण श्रद्धया सम्पन्नो महिमानमनुभवति ।।३।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– प्रणव में 'अ' 'उ' 'म्' ये तीन अक्षर एवं ह्रस्व, दीर्घ और प्लुत ये तीन मात्राएँ होती हैं। इनमें जो ह्रस्वमात्रा का ध्यान करता हुआ श्री लक्ष्मणरूप विराटब्रह्म की उपासना करता है, वह उसी ध्यान से सम्प्रेषित होकर शीघ्र ही भगवत्प्रसादरूप भोगभूमि में आ जाता है तथा ऋचाओं द्वारा मनुष्य लोक को प्राप्त करता है और वहाँ चान्द्रायणादि तप एवं ब्रह्मचर्य तथा आस्तिक बुद्धि से सम्पन्न होकर दिव्य भगवान् की महिमा का अनुभव करता है ।। श्री ।।

संगति– अब द्विमात्रिक ओंकार के ध्यानफल का कीर्तन करते हैं ।। श्री ।।

अथ यदि द्विमात्रेण मनसि सम्पद्यते सोऽन्तरिक्षं यजुर्भिरुन्नीयते सोमलोकम् । स सोमलोके विभूतिमनुभूय पुनरावर्तते ।।४।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– और जो द्विमात्रिक ओंकार के ध्यान से मन में युक्त होता है अर्थात् ह्रस्व, दीर्घ मात्रओं के व्याज से श्री लक्ष्मण शत्रुघ्नात्मक विश्वविराट हिरण्यगर्भ ब्रह्म का भजन करता है, उसे यजुर्वेद की श्रुतियाँ अन्तरिक्ष में ले जाकर चन्द्रलोक पहुँचा देती है। और वहाँ वह भगवदीय विभूतियों का अनुभव करके फिर संसार में लौट आता है ।। श्री ।।

संगति– अब त्रिमात्रिकध्यान की महिमा का वर्णन कहते हैं ।। श्री ।।

यः पुनरेतं त्रिमात्रेणोमित्येतेनेवाक्षरेण परं पुरुषमभिध्यायीत स तेजसि सूर्ये सम्पन्नः । यथा पादोदरस्त्वचा विनिर्मुच्यत एवं ह वै स

पाप्मना विनिर्मुक्तः सा सामभिरुन्नीयते ब्रह्मलोकं स एतस्माज्जीवघनात्परातपरं पुरिशयं पुरुषमीक्षते। तदैतौ श्लोकौ भवतः ।।५।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– और जो विशिष्टसाधक ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत इन तीन मात्राओं से युक्त ओंकार द्वारा श्री लक्ष्मण, शत्रुघ्न, भरत रूप विश्व तैजस् प्राज्ञात्मक श्रीरामरूपपरब्रह्म की उपासना करता है, वह तेजोमय सूर्य मण्डल में प्रवेश करता है और उसे सामवेद की श्रुतियाँ ब्रह्मलोक पहुँचा देती है। जिस प्रकार केचुल से सर्प मुक्त हो जाता है उसी प्रकार वह ओंकार का ध्यान करने वाला व्यक्ति सभी पापों से मुक्त हो जाता है। और वह इस जीव घनरूप संसारबंधन से मुक्त होकर परमब्रह्म परमात्मा को निहार लेता है। यह संसार जीवबहुल है, इसलिए श्रुति ने इसे जीवघन कहा। इस सम्बन्ध में श्रुति के दो श्लोक प्रसिद्ध हैं॥ श्री॥

संगति– अब दो श्लोकों में प्रश्न का उपसंहार कर रहे हैं॥ श्री॥

तिस्रो मात्रा मृत्युमत्यः प्रयुक्ता अन्योन्यसक्ता अनविप्रयुकताः।
क्रियासु बाह्याभ्यन्तरमध्यमासु सम्यक्प्रयुक्तासु न कम्पते ज्ञः ।।६।।
ऋग्भिरेतं यजुर्भिरन्तरिक्षं सामभिर्यत्तत्कवयो वेदयन्ते।
तमोङ्कारेणैवायतनेनान्वेति विद्वान्यत्तच्छान्तमजरममृतमभयं परं चेति ।।७।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– हे सत्यकाम! इस ओंकार में मरणधर्म से युक्त ह्रस्व, दीर्घ और प्लुत ये तीन मात्रायें हैं अर्थात् इनमें से एक-एक की उपासना करके व्यक्ति आवागमनों को प्राप्त करता रहता है। ये एक दूसरे से मिली हुयी हैं और ये कभी अलग नहीं होतीं। इनमें प्रथम में बाह्य द्वितीय में मध्यम और तृतीय में आभ्यान्तर क्रिया होती रहती है। इनको जान कर अखण्ड ओंकार से परमात्मा का ध्यान करने वाला व्यक्ति कभी कम्पित नहीं होता। अर्थात् घनघोर दुःख में भी भगवान् का भजन नहीं छोड़ता॥ श्री॥

वह ऋग्वेद की श्रुतियों से पृथ्वीलोक तथा यजुर्वेद की श्रुतियों से अन्तरिक्ष चन्द्रलोक एवं सामवेद की श्रुतियों से ब्रह्मलोक को प्राप्त कर लेता है और फिर अखण्ड ओंकार द्वारा परब्रह्म की उपासना करके उस शान्त अमृत अजर तथा अभय परब्रह्म को प्राप्त करता है जिसे ब्रह्मवेत्ता लोग जानते हैं॥ श्री॥

।। इति पञ्चमप्रश्न ।।

।। श्रीराघवः शान्तनोतु ।।

।। अथ षष्ठप्रश्न ।।

सम्बन्ध– पंचमप्रश्न के पञ्चममंत्र में श्रुति ने यह निर्देश किया है कि— प्रणव के ध्यान से साधक सम्पूर्ण पापों से मुक्त होकर जीवों से घनीभूत इस संसार से ऊपर उठकर हृदय में शयन करने वाले परमपुरुष का साक्षात्कार कर लेता है। इस पर यह जिज्ञासा होती है कि— वह पुरुष कितने कलाओं का होता है ? कैसा उसका स्वरूप होता है और कितने उसके अवयव होते हैं ? इन सब का समाधान करने के लिए षष्ठप्रश्न का प्रारम्भ किया जाता है।

अथ हैनं सुकेशा भारद्वाजः पप्रच्छ। भगवन्हिरण्यनाभः कौसल्यो राजपुत्रो मामुपेत्यैतं प्रश्नमपृच्छत्। षोडशकलं भारद्वाज पुरुषं वेत्थ। तमहं कुमारमब्रुवं नाहमिमं वेद यद्यहमिममवेदिषं कथं ते नावक्ष्यमिति। समूलो वा एष परिशुष्यति योऽनृतमभिवदति तस्मान्नार्हाम्यनृतं वक्तुम्। स तूष्णीं रथमारूह्य प्रवव्राज। तं त्वा पृच्छामि क्वासौ पुरुष इति ।।१।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– इसके अनन्तर महर्षि पिप्पलाद से भरद्वाज के पुत्र सुकेशा ने प्रश्न किया— भगवन्! मैं जो प्रश्न करने जा रहा हूँ उसमें केवल जिज्ञासा ही नहीं साथ-साथ अल्पज्ञता भी हैं। इसके कारण मुझे निरुत्तर होना पड़ा। एक बार कोशल देखवासी हिरण्यनाभ नामक राजकुमार ने मेरे पास आकर मुझ में गुरुबुद्धि से प्रणाम आदि करके मेरा नाम लिए बिना ही आदर पूर्वक पूँछा— हे भरद्वाज पुत्र। क्या आप सोलह कलाओं वाले पुरुष को जानते हैं ? मैंने सरलता से कहा— मैं सोलह कलाओं वाले पुरुष को नहीं जानता। यदि जानता होता तो तुम्हें क्यों न बतलाता। जो साधन के सम्बन्ध में झूठ बोलता है वह पूरे शरीर से सूख जाता है, इसलिए मैं तुमसे असत्य नहीं बोल रहा हूँ। अर्थात् मैं तुम्हारा वंचन नहीं कर रहा हूँ। इस प्रकार मेरी स्वभावसिद्ध सरलता देख कर हिरण्यनाभ चुप हो गया और वह रथ पर चढ़कर अपने घर लौट गया तथा मुझे निरुत्तर करने का प्रायश्चित करने के लिए मेरी ऋजुता से प्रभावित होकर, उस षोड़शकलात्मक पुरुष को जानने के लिए राजकुमार हिरण्यनाभ महात्मा बन गया। अब मैं आप से पूँछ रहा हूँ कि— वह सोलह कलाओं बाला पुरुष कहाँ रहता है और उसकी कलाओं के कौन-कौन से नाम हैं ? ।। श्री ।।

संगति– पिप्पलाद सुकेशा के प्रश्न का समाधान कर रहे हैं ।। श्री ।।

तस्मै स होवाच । इहैवान्तःशरीरे सोम्य स पुरुषो यस्मिन्नेताः षोडशकलाः प्रभवन्तीति ।।२।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– पिप्पलाद ने कहा— हे सुकेशा ! जिस पुरुष में ये सोलह कलायें प्रकाशित होती है, वह इसी शरीर के भीतर विराजमान है ।। श्री ।।

संगति– अब इसकी उत्पत्ति कहते हैं—

स ईक्षाञ्चक्रे । कस्मिन्नहमुत्क्रान्त उत्क्रान्तो भविष्यामि कस्मिन्वा प्रतिष्ठिते प्रतिष्ठास्यामीति ।।३।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– इस शरीर में रहने वाले षोडश कलात्मक पुरुष ने जिज्ञासा पूर्वक निरीक्षण किया कि किसके उत्क्रमण करने पर मैं उत्क्रमण करुँगा और किसके प्रतिष्ठित होने पर मैं प्रतिष्ठित होऊँगा, अर्थात् मेरा उत्क्रमण और मेरी प्रतिष्ठा किसके अधीन है ।। श्री ।।

संगति– अब षोडशकला वाले पुरुष की रचना का प्रकार कह रहे हैं—

स प्राणमसृजत् प्राणाच्छ्रद्धां खं वायुर्ज्योतिरापः पृथिवीन्द्रियं मनः ।
अन्नमन्नाद्वीर्यं तपो मन्त्राः कर्मलोका लोकेषु च नाम च ।।४।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– उस सोलह कला वाले पुरुष ने अपनी अनन्त ईक्षणशक्ति से सबके प्राणाधार हिरण्यगर्भ ब्रह्म का सृजन किया। इसके अनन्तर कर्मफलों को धारण करने वाली शक्ति श्रद्धा की रचना की, अनन्तर पृथ्वी, जल, तेज, वायु, आकाश, दशों इन्द्रियाँ, मन, तप, मन्त्र, कर्म, चौदह लोक एवं उनमें भिन्न-भिन्न नामों की रचना की ।। श्री ।।

संगति– अब पुरुष में सोलह कलाओं के विश्राम की चर्चा करते हुए दृष्टांत दे रहे हैं—

स यथेमा नद्यः स्यन्दमानाः समुद्रायणाः समुद्रं प्राप्यास्तं गच्छन्ति भिद्येते तासां नामरूपे समुद्र इत्येवं प्रोच्यन्ते । एवमेवास्य परिद्रष्टुरिमाः षोडशकलाः पुरुषायणाः पुरुषं प्राप्यास्तं गच्छन्ति भिद्येते चासां नामरूपे पुरुष इत्येवं प्रोच्यते स एषोऽकलोऽमृतो भवति तदेष श्लोकः ।।५।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– जिस प्रकार समुद्र ही जिनका गन्तव्य

लक्ष्य है, ऐसी जल बहाने वाली नदियाँ तब तक भिन्न-भिन्न नाम रूप वाली रहती हैं, जब तक सागर को नहीं प्राप्त कर लेती परन्तु सागर को प्राप्त करके वे अपना नाम रूप समाप्त कर देती हैं और उन्हें समुद्र ही कहा जाता है। उसी प्रक़ार ये सभी सोलह कलायें पुरुष से अलग होकर पृथक् नाम-रूपवाली रहती हैं और पुरुष को प्राप्त करके इनके नाम-रूप भी समाप्त हो जाते हैं। और वह पुरुष अकल तथा अमृत कहा जाता है ।। श्री ।।

संगति– अब इसी तात्पर्य को श्लोक में कह रहे हैं ।। श्री ।।

अरा इव रथनामौ कला यस्मिन्प्रतिष्ठिताः। तं वेद्यं पुरुषं वेद यथा मा वो मृत्युः परिव्यथा इति ।।६।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– जिस प्रकार रथ की धुरी में छोटी-छोटी अरायें लगी रहती हैं उसी प्रकार सारी कलायें जिस परमात्मा में प्रतिष्ठित है उस जानने योग्य पुरुष को जानो, जिससे तुम्हें मृत्यु कष्ट न दे सके। इति शब्द यहाँ समाप्ति का सूचक है ।। श्री ।।

संगति– अब सभी प्रश्नों का उपसंहार सूचित करते हैं ।। श्री ।।

तान्होवाचैतावदेवाहमेतत्परं ब्रह्म वेद। नातः परमस्तीति ।।७।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– अब सुकेशा, सत्यकाम, आश्वलायन सौर्यायणी, वैदर्भि और कबन्धी से पिप्पलाद ने कहा— ऋषि कुमारो! मैं इतना ही परब्रह्म के सम्बन्ध में जानता हूँ। ऋषि कुमारों ने जिज्ञासा की— क्या इससे भी अधिक कुछ ज्ञातव्य हैं? पिप्पलाद ने कहा— 'नातः परम्' हे ऋषिपुत्रों! न ही कुछ परब्रह्म से श्रेष्ठ है और न ही परब्रह्म के अतिरक्ति कुछ जिज्ञासनीय। भगवान् ही सबसे श्रेष्ठ है, और भगवान् ही सबसे जिज्ञासनीय ।। श्री ।।

संगति– उपदेश के अनन्तर जिज्ञासार्थ आये हुए ऋषिगण जिज्ञासाओं के शान्त होने पर अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं ।। श्री ।।

ते तमर्चयन्तस्त्वं हि नः पिता योऽस्माकमविद्यायाः परं पारं तारयसीति। नमः परमऋषिभ्यो नमः परमऋषिभ्यः ।।८।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– अब सुकेशा, सत्यकाम, आश्वलायन सौर्यायणी, वैदार्भि और कबन्धी इन छहों ऋषियों ने उन महर्षि पिप्पलाद

की अर्चना करते हुए कहा— आप हम सबके पिता हैं क्योंकि आपने हमें नया जन्म दिया। इस ब्रह्मविद्या के लिए हमें उपनीत किया। अत्यन्त दुर्लभ ब्रह्म विद्या का उपदेश किया। हमको अलौकिक अध्यात्म का भोजन दिया। और हमें जन्ममरण के भय से छुड़ाया। इसलिए नीति में वर्णित पाँचों प्रकार के पिताओं का लक्षण आप में घट रहा है। आपने हमें अविद्या रूप महानदी से पार कर दिया। यहाँ वर्तमान के समीपवर्ती भूतकाल में लट्लकार का प्रयोग हुआ है। अर्थात् हे महर्षि ! हम अभी-अभी अविद्या महानदी से तर गये। आप जैसे परमपूज्य, मन्त्रद्रष्टा ऋषि को नमस्कार और आप जैसे परमेश्वर के यथार्थ रूप को जानने वाले ब्रह्मवेत्ता को नमस्कार। इस प्रकार प्रणाम करके पिप्पलाद से अनुज्ञा पाकर छहों ऋषिकुमार ब्रह्मविद्वरिष्ठ होकर अपने-अपने आश्रम को पधार गये ॥ श्री ॥

पिप्पलाद शाखा अथर्व श्रुति की यह सुन्दर,
प्रश्नोपनिषद् नाम परम अध्यात्म सुधाभर।
षटऋषिपुत्र विहित प्रश्नावलि अतिमनभायी,
लसित विशिष्टाद्वैतवाद वेदान्त लुनायी ॥

सीताराम कृपा कलित
रामानन्द सुप्रीति धनि।
श्री राघवकृपा भाष्य शुभ,
रामभद्र आचार्य भनि ॥

॥ इति षष्ठप्रश्न ॥

॥ इति श्रीचित्रकूटपीठाधीश्वर जगद्गुरु श्रीरामानन्दचार्य प्रणीत श्रीप्रश्नोपनिषद् का श्रीराघवकृपाभाष्य सम्पूर्ण हुआ ॥ श्री ॥

॥ श्रीराघवः शन्तनोतु ॥

●

हिमालय
ओङ्कार
जप

।। श्रीः ।।

ध्रुवमिदं, विश्वस्य विश्वेऽपि विचरकाश्चामनन्ति यज्जीवेनात्यन्तिकं सुखं नोपलब्धुं शक्यते केवलैः सांसारिकैर्भोगैः। तत्कृते तु तैः जगन्नियन्तुः परमात्मनः शरणमेवाङ्गीकरणीयम्। अनादिकालादेव सर्गेऽस्मिन् ब्रह्मजिज्ञासासमाधानपराः विचाराः प्रचलन्ति। विषयेऽस्मिन् सर्वे दार्शनिकाः सहमता यद्वेदैरेवास्य गूढरहस्यात्मकस्य परब्रह्मणः प्रतिपादनं सम्भवम्।

परब्रह्मणो निश्वासभूता अनन्तज्ञानराशिस्वरूपाः वेदाः ज्ञानकर्मोपासनाख्येषुत्रिषु काण्डेषु विस्कृताः सन्ति। एषां ज्ञानकाण्डाख्य उपनिषद्भागे वेदान्तापरनामधेया ब्रह्मविद्या वैशद्येन विर्वोचता व्याख्याता चास्ति। आसामुपनिषदां सम्यग्ज्ञानेनैव ब्रह्मज्ञानं तेन च भवदुःखनिवृत्तिरित्युपनिषदां सर्वातिशायिमहत्वं राद्धान्तयन्ति मनीषिणः। आसु प्रश्नोत्तरात्मकातिरमणीयसुमम्यसरलशैल्या जीवात्मपरमात्मनोर्जगतश्च विस्तृतं व्याख्यानं कृतमस्ति। अनेकैर्महर्षिभिरनेकैः प्रकारैरुद्भावितानां ब्रह्मविषयकप्रश्नानां समाधानानि ब्रह्मवेतृणां याज्ञवल्क्यादिमहर्षीणां मुखेभ्य उपस्थापयन्त्युपनिषदः। भगवता वेदव्यासेन ब्रह्मसूत्रेषु भगवता श्रीकृष्णेन च श्रीगीतायामासामेव सारतत्वं प्रतिपादितम्।

भारतीयदर्शनानामाधारभूता इमे त्रयो ग्रन्थाः विभिन्नसम्प्रदायप्रवर्तकैराचरयैर्व्यख्याताः। एष्वद्वैतवादिन आद्यशङ्कराचार्याः प्रमुखा, अन्ये च द्वैतशुद्धाद्वैतद्वैताद्वैतशिवाद्वैतदिवादिनो विद्वांसः स्वस्वमतानुसारमुपनिषदः व्याख्यापयांबभूवुः।

अथ साम्प्रतिकभारतीयदार्शनिकमूर्धन्यैर्वेदवेदाङ्गपारङ्गतैर्धर्मध्वजधारिधौरेयैः श्रीरामानन्दाचार्यैः श्रीरामानन्दाचार्य श्रीरामभद्राचार्यमहाराजैर्विशिष्टाद्वैतसिद्धान्तमनुसृत्य कृतामिदमुपनिषदां **''श्रीराघवकृपाभाष्यम्''** सर्वत्रैवाभिनवविचारैर्व्युत्पत्तिभिश्चालङ्कृतं विभाति। भाष्येऽस्मिन्नाचार्यचरणैः शब्दव्युत्पत्तिचातुरीचमत्कारेण सर्वोपनिषदां प्रतिपाद्यः भगवान् श्रीराम एवेति सिद्धान्तितम्। मध्ये मध्ये गोस्वामिश्रीतुलसीदासग्रन्थेभ्यः ससंस्कृतरूपान्तरमुदाहृता अंशविशेषासुवर्णे सुरभिमातन्वन्ति। श्रीराघवपदपद्ममधुकराः भक्ता अत्रामन्दानन्दमाप्नुयुरिति भगवन्तं श्रीराघवं निवेदयति।

डॉ. शिवरामशर्मा
वाराणसी